# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 6.2 फीसदी

## प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली क्षेत्र का बढ़ा उत्पादन

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल, 2024 में बढ़कर 6.2 फीसदी पहुंच गई। मार्च में इन उद्योगों की वृद्धि दर 6 फीसदी और अप्रैल, 2023 में 4.6 फीसदी दर्ज की गई थी।

शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर बढ़ी है। आंकड़ों से पता चलता है कि प्राकृतिक गैस की वृद्धि दर अप्रैल में 8.6 फीसदी



रही। एक साल पहले की समान अवधि में यह 6.1 फीसदी रही थी। रिफाइनरी उत्पादों की वृद्धि दर 3.6 फीसदी से बढ़कर 3.9 फीसदी पहुंच गई। इस दौरान बिजली क्षेत्र में उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 9.4 फीसदी पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में क्षेत्र की वृद्धि दर 7.1 फीसदी रही थी। हालांकि, कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 फीसदी रह गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 9.1 फीसदी थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 फीसदी से घटकर 7.1 फीसदी पर आ गई। सीमेंट उद्योग की वृद्धि दर साल भर पहले के 12.4 फीसदी से घटकर 0.6 फीसदी के स्तर पर आ गई। सीमेंट क्षेत्र में उत्पादन की वृद्धि दर भी एक साल पहले के 9 फीसदी से घटकर 0.6 फीसदी रह गई। एजेंसी